न्याय निर्णय अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दौसा

प्रकरण संख्या : 48/2017 एफ एस एस एक्ट

1. सरकार जरिये महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी खाद्य सुरक्षा अधिकारी
   कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा, जिला दौसा ।

— आवेदक—

बनाम

1. श्री राजेश ठाकुरिया पुत्र श्री द्वारका प्रसाद ठाकुरिया
   एफबीओ मैसर्स—खण्डेलवाल स्वीट कॉर्नर, सिकन्दरा रोड, पीड्ब्ल्यूडी तिराहा, बांदीकुई दौसा।

— अभियुक्त—

जूर्म अन्तर्गत धारा 26 एफएसएसए एक्ट 2006 व सपठित नियम 2011

उपस्थिति : श्री महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित।
: श्री अभिनन्दन गुप्ता अधिवक्ता अप्रार्थी अभियुक्त उपस्थित।

—: आदेश :— दिनांक 4.7.2018

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के कार्यालय में कार्य सम्पादन कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना (नोटिफिकेशन) क्रमांक एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 26.07.11 के अनुसार मुझे खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शक्तियां प्रयुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया है तथा श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर के आदेश क्रमांक 475 दिनांक 10.08.2011 के द्वारा मुझे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के अन्तर्गत आने वाले समस्त स्थानीय क्षेत्र जिला दौसा आवंटित किया गया है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

यह है कि दिनांक 8.3.2017 को दोपहर 01:30 बजे मैसर्सः— खण्डेलवाल स्वीट कॉर्नर, पीड्ब्ल्यूडी तिराहा, राज बाजार बांदीकुई जिला दौसा स्थित का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दुकान पर विक्रेता श्री राजेश ठाकुरिया पुत्र श्री द्वारका प्रसाद ठाकुरिया उपस्थित मिला ने स्वयं को उक्त फर्म का विक्रेता एवं मालिक होना बताया को अपना परिचय देकर व परिचय पत्र दिखाकर उससे खाद्य पदार्थ लाईसेन्स दिखाने के लिए कहा तो उसने खाद्य पदार्थ लाइसेन्स न होना जाहिर किया।

यह है कि निरीक्षण के समय विक्रेता की दुकान के काउण्टर में दो लोहे की ट्रे में करीबन 10 किग्रा बेसन के लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) आम जनता को बेचने हेतु रखा हुये थे में मिलावट का शक होने पर इनमे से एक लोहे की ट्रे जिसमें करीबन 5 किग्रा लड्डू बून्दी थे में से नमूने की जांच हेतु 2 किग्रा बेसन के लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) खरीदे। जिसे विक्रेता ने साफ सूखी एवं खाली प्लास्टिक थैली में तोलकर दिये। जिसकी कीमत 240 रूपये नकद देकर बिल प्राप्त किया।

यह है कि खरीदशुदा बेसन के लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) को चार साफ सूखी एवं खाली कांच की बोतलो में बराबर—बराबर डालकर एयरटाइट ढक्कन से बन्द किया व लेबल तैयार कर लेबलों पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान व (विक्रेता) एफ.बी.ओ. के हस्ताक्षर करवाकर लेबलों को बोतलो पर चिपकाकर बोतलो को अलग—अलग खाकी कागज में लपेटकर किनारो को सफाई से मोडकर गोंद से चिपकाकर बोतलो पर डी.ओ. व सीएमएचओ दौसा द्वारा

न्याय निर्णय अधिकारी एव
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

जारी की गई हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लीप कोड एवं सीरियल नम्बर ए.जी.–1595 उपर से नीचे पूरे राउंड में गोंद से चिपकाकर बोतलो को एक मोट मजबूत सख्त धागे से बांधकर बोतलो को चार–चार जगह से उपर नीचे दोनो साइडो से चपडी से सील मोहर कर बोतलो पर एफबीओ (विक्रेता) श्री राजेश ठाकुरिया के हस्ताक्षर इस तरह करवाये कि आधे हस्ताक्षर पेपर स्लीप पर व खाकी कागज पर आये व गवाहान व स्वयं ने हस्ताक्षर कर चारों सील बन्द बोतलो को अपने कब्जे में लिया।

यह है कि आवेदक ने मौके पर फार्म नं. 5 ए की दो प्रतियां तैयार कर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर उसकी एक प्रति एफ.बी.ओ. विक्रेता को देकर उसकी रसीद फार्म नं. 5 ए पर प्राप्त की जो संलग्न है।

यह है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर की गई कार्यवाही की फर्द रिपोर्ट तैयार कर उसे (विक्रेता) एफ.बी.ओ. व गवाहान को पढकर सुनाकर समझाकर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर एफ.बी.ओ. व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये जो संलग्न है।

यह है कि आवेदक ने कार्यालय में आकर फार्म नं. 6 की छः प्रतिया तैयार कर प्रत्येक पर नमूना छाप (सील इम्प्रेशन) लगाकर फार्म नं0 6 की एक प्रति व नमूने का एक सीलबंद बोतल एक आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर तथा फार्म नं0 6 की दो प्रतिया अलग से एक लिफाफे में सील मोहर कर नमूने की एक सील बंद बोतल व फार्म नं0 6 का सील बंद लिफाफा श्री महादेव प्रसाद सैनी च0श्रे0क0 मुख्यालय द्वारा दिनांक 9.3.2017 को खाद्य विश्लेषक एवं मुख्य सार्वजनिक विश्लेषक, राज0 जयपुर के यहा जमा करवाये।

यह है कि नमूने के दो सील बन्द बोतल व फार्म नं0 6 की दो प्रतियां एक आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 9.3.2017 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की तथा नमूने का चतुर्थ सीलबंद बोतल व फार्म नं0 6 की एक प्रति आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 10.3.2017 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की जो संलग्न है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

यह है कि उक्त खाद्य पदार्थ लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) के नमूने की खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट सं0 एल.एस./459/एक्ट/2017/526 दिनांक 3.4.2017 डी.ओ. व सीएमएचओ दौसा के जरिये आवेदक को प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) का नमूना सबस्टैण्डर्ड होना पाया गया।

अतः न्याय निर्णय आवेदन श्रीमान के समक्ष पेश कर निवेदन है कि जुर्म की अनविक्षा कर दोषी को अधिक से अधिक जुर्माने से दण्डित करने का श्रम करे।

प्रकरण प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी अभियुक्त की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अप्रार्थी अभियुक्त के विरूद्ध प्रकरण में लगाये गये आरोपो को पढकर सुनाया गया। अधिवक्ता अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा लिखित जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि उक्त खाद्य पदार्थ लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) का नमूना खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट के अनुसार सबस्टैण्डर्ड पाया गया है परन्तु जो जॉच रिपोर्ट आई है उसमे सैम्पल को किस आधार पर सबस्टैण्डर्ड माना है यह नहीं बताया गया है। उक्त खाद्य पदार्थ लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) को कई चीजो को मिलाकर बनाया जाता है। इसलिये उक्त खाद्य पदार्थ का नमूना उक्त अधिनियम के अन्तर्गत नहीं आता है। अतः निवेदन है कि अप्रार्थी अभियुक्त के विरूद्ध प्रकरण को खारिज फरमाये जाने की कृपा करे।

हमने उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। परिवाद में वर्णित तथ्यों एवं इसके साथ संलग्न दस्तावेजात तथा खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट सं0 एल.एस./459/एक्ट/2017/526 दिनांक 3.4.2017 के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) का नमूना सबस्टैण्डर्ड पाया गया है। जो एफएसएसए नियम

न्याय निर्णय अधिकारी एवं
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

2006 की धारा 26 की उप धारा (2) (II) का उल्लंघन है। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 में निर्धारित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा खाद्य पदार्थ लड्डू बून्दी (रि0 सोयाबीन तेल से बने) सबस्टैण्डर्ड का विक्रय किये जाने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2) (II) का उल्लंघन होने से अपराध कारित होने के फलस्वरूप अप्रार्थी अभियुक्त श्री राजेश ठाकुरिया पुत्र श्री द्वारका प्रसाद ठाकुरिया एफबीओ मैसर्स–खण्डेलवाल स्वीट कॉर्नर, सिकन्दरा रोड, पीड्ब्ल्यूडी तिराहा, बांदीकुई दौसा पर 10000/–(अक्षरे दस हजार रूपये) शास्ति आरोपित की जाती है। अभियुक्त उक्त शास्ति राशि निर्णय दिनांक 4.7.2018 के एक माह के अन्दर–अन्दर जमा कराकर चालान की प्रति प्रस्तुत करे।

निर्णय लिखवाया जाकर आज दिनांक 4.7.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

(राजवीर सिंह चौधरी)
न्याय निर्णय अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

क्रमांक / 10084-86
दिनांकः– 06.7.2018

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशालय (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राज0 जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा।
3. श्री राजेश ठाकुरिया पुत्र श्री द्वारका प्रसाद ठाकुरिया एफबीओ मैसर्स–खण्डेलवाल स्वीट कॉर्नर, सिकन्दरा रोड, पीड्ब्ल्यूडी तिराहा, बांदीकुई दौसा।

(राजवीर सिंह चौधरी)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official